


# पुलिस की मौजूदगी में ननि ने 2.36 हेक्टेयर भूमि से हटाया अतिक्रमण

## आवासी एवं व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के लिए आवंटित थी भूमि, लंबे समय से था अतिक्रमण, कब्जा हटाने की आज थी अंतिम तिथि





**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, शहर के वार्ड क्रमांक 10 शिव नगर में 2.36 हेक्टेयर भूमि में किये गये अवैध कब्जे को पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम ने मुक्त कराया. पूर्व में विवाद की स्थित निर्मित हुई थी जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही रोक दी गई थी.**

नोटिस देने के बावजूद जब अतिक्रमण नही हटा तो पूरी तैयारी के साथ मंगलवार को नगर निगम का दल पहुंचा और सुबह से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की गई. अतिक्रमण हटने के बाद निर्माण को लेकर लेकर ले आउट भी किया गया. नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 10 शिवनगर में पीएम आवास योजना अंतर्गत आवासीय/ व्यावसायिक कॉम्पलेक्स हेतु आवंटित 2.36 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमणकारियों के अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया. गौरतलब है कि निगमायुक्त के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासीय/ व्यावसायिक भवनों के निर्माण, जिसमें 24 दुकानें एवं 4 ऑफिस यूनिट प्रस्तावित हैं, आवंटित भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए 10 फरवरी तक की समय-सीमा निर्धारित की थी. उक्त निर्देश के पालन में कार्रवाई करते हुए, नगर निगम के सभी जोनों के अतिक्रमण अमले ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर शांतिपूर्वक तरीके से अनाधिकृत रूप से आवंटित भूमि पर लगाई गई कपड़े की बाड़ को हटाया तथा स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया. इसके उपरांत नियमानुसार निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु लेआउट डाला गया. उक्त निर्माण कार्य पूर्ण होने पर नगर निगम को जो राजस्व प्राप्त होगा, उसका उपयोग कमजोर वर्ग एवं भूमिहीन नगरवासियों को एएचपी अंतर्गत सर्वसुविधायुक्त एवं सुव्यवस्थित इडब्ल्यूएस क्वार्टर्स का निर्माण कराकर आवंटन किया जाएगा. बुधवार को निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी किये जाने की संभावना है. भूमि पूजन को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने है. भूमि पूजन को लेकर होड़ लगी है. कार्रवाई में कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी, टीआई विश्वविद्यालय मौजूद रहे.



# सरकारी संस्थाओं की भूमियों पर भू-माफियाओं ने गड़ाई नजर

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, जिले के मनगवां विधानसभा क्षेत्र में शासकीय जमीनों पर भू-माफियाओं की बढ़ती नजर और राजस्व विभाग की कथित मिलीभगत को लेकर राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है. जिले भर में राजस्व भूमि को खुर्द-बुर्द करने का खेल चल रहा है. प्रशासन गंभीर नही है, शिकायत भी होती है तो मामला दब जाता है.**

क्षेत्र के वरिष्ठ नेता संजय पांडे ने हुंकार भरी है कि मनगवां विधानसभा आरक्षित जरूर है, लेकिन यह अनाथ नहीं है. संजय पांडे ने आरोप लगाया कि वर्तमान जनप्रतिनिधि और राजस्व विभाग का जमीनी अमला मिलकर स्कूल, अस्पताल और थाना परिसर जैसी महत्वपूर्ण शासकीय भूमियों को हड़पने का षड्यंत्र रच रहे हैं. उन्होंने कहा कि कंप्यूटर खसरे में हेरफेर कर कई निजी और शासकीय संस्थाओं के नाम विलुप्त कर दिए गए हैं, जिसका फायदा भू-माफिया उठा रहे हैं. ताजा मामला गढ़ थाना क्षेत्र का है, जिसके अनुसार, गढ़ पटवारी हल्का की भूमि क्रमांक 77 (लगभग 1 एकड़ 62 डिसमिल) जो बाजार के बीचों-बीच स्थित है, उसे हड़पने का प्रयास किया जा रहा है.

इस जमीन के एक हिस्से में बालक हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित है और एक हिस्से में पुराना थाना भवन व पुलिस क्वार्टर बने हुए हैं, जिनमें वर्तमान में भी पुलिसकर्मी रह रहे हैं. इसके बावजूद, भू-परिवर्तन के जरिए इस कीमती जमीन को खुर्द-बुर्द करने की तैयारी है. रीवा शहर में सक्रिय रहे भू-माफिया राजनीतिक संरक्षण में ग्रामीण अंचलों की ओर रुख कर चुके हैं. लेकिन इनके मंसूबो को कामयाब नही होने देगे.

## संक्षिप्त



### त्योंथर विधायक ने सुनी समस्याएं

**रीवा,** विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने विश्राम गृह त्योंथर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुना. इस दौरान उन्होंने न केवल लोगों की शिकायतें सुनी, बल्कि मौके पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों को उनके तत्काल समाधान हेतु कड़े निर्देश भी दिए. जनसुनवाई के दौरान प्रमुख रूप से बिजली, पेयजल, सड़कों की मरम्मत और प्रधानमंत्री आवास योजना व आयुष्मान कार्ड जैसी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं. विधायक तिवारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को लंबित न रखा जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान विधायक सिद्धार्थ राज ने कहा कि जनता की सेवा ही मेरा परम ध्येय है. जनसुनवाई में प्राप्त हर एक आवेदन पर मेरी व्यक्तिगत नज़र रहती है. उन्होंने कहा कि अधिकारीयो को स्पष्ट निर्देश हैं कि फाइलें दफ्तरों की धूल न फांकें,यदि किसी पात्र हितग्राही को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया गया या प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही बरती गई, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी. इस अवसर पर स्थानीय भाजपा के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा भारी संख्या में क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे.




### संगठन महासचिव बने सज्जन पटेल

**रीवा,** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण मे रवि तिवारी को जिले के संगठन महासचिव एवं रीवा शहर के संगठन महासचिव सज्जन पटेल को नियुक्त किया गया हैं, साथ ही बोदाबाग में शिवेन्द्र प्रताप सिंह बघेल एवं चिरहुला ब्लाक में रामकीर्ति शर्मा को दूबारा ब्लाक अध्यक्ष तथा मोहम्मद रफीक अंसारी को ढेकहा ब्लाक का अध्यक्ष बनाकर नई जिम्मेदारी सौंपी गयी है. इन सभी नियुक्तियों के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, विधायक सेमरिया अभय मिश्रा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, पूर्व सांसद राजमणि पटेल, प्रदेश महासचिव कविता पाण्डेय, विद्यावती पटेल, विमलेन्द्र तिवारी, गुरूमीत सिंह मंगू, डॉ शीला त्यागी, सरदार प्रहलाद सिंह, शिव प्रसाद प्रधान, गिरीश सिंह, रमाशंकर सिंह पटेल, बबिता साकेत, डॉ अरूणा तिवारी, सत्यनारायण तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया.

### गुढ़ में क्रिकेट मैच 1 मार्च से



**गुढ़,** नगर परिषद गुढ़ में पं. वंशवर्धन प्रसाद मिश्र स्टेडियम पर 01 मार्च गुढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन किया गया है. जिसमें गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगर परिषद गुढ़ एवं गोविंदगढ़ की टीमें इस टूर्नामेंट में भाग ले सकेंगी. टूर्नामेंट के आयोजक इस्तहाक खान नें बताया है, कि गुढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता एवं उपविजेता टीम को क्रमश: 51000 रूपये एवं 31000 रूपये नगद पुरूष्कार प्रदान किये जायेगें तथा साथ ही साथ खिलाड़ियो को आकर्षक पुरूष्कार व प्रत्येक टीम के खिलाड़ियो को ट्रैक सूट आयोजक कमेटी के द्वारा प्रदान किया जावेगा. इच्छुक टीमें 25 फरवरी तक सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते है.

### संभागीय बैठक आज

**रीवा,** कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में 11 फरवरी को दोपहर 2 बजे से कृषि विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी है. कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित के निर्देश दिये हैं.

### संभागीय समीक्षा बैठक स्थगित

**रीवा,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में 12 फरवरी को स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास तथा खाद्य विभाग की आयोजित होने वाली संभागीय समीक्षा बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है. बैठक की आगामी सूचना पृथक से दी जायेगी.

# त्योहारों में आसमाजिक तत्वों से कड़ाई से निबटा जाएगा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में शांति समिति की बैठक आयोजित आयोजित की गई.**

बैठक में आगामी दिनों में आने वाले त्योहारों को शांति और सद्भाव के साथ मनाए जाने पर चर्चा की गई. बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि, होली, ईदुलफितर, रामनवमी एवं महावीर जयंती के त्योहार मनाए जाएंगे. महाशिवरात्रि पर शिव बारात और शोभा यात्रा निकालने का कार्यक्रम है. इसके साथ-साथ गोविंदगढ़ में उर्स का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा. जिले की परंपरा के अनुसार सभी त्योहार शांति और सद्भाव से मनाए जाएंगे. त्यौहार पूरे उल्लास और उत्साह से मनाएं. त्योहार मनाते समय अनुशासन बनाए रखें. त्योहारों की भीड़भाड़ का लाभ उठाकर कई बार असामाजिक तत्व अव्यवस्थाएं पैदा करने का प्रयास करते हैं. इनसे कड़ाई से निपटा जाएगा. शोभा यात्रा, चल जुलूस तथा अन्य सभी बड़े आयोजनों में सुरक्षा बल तैनात रहेंगे.संबंधित अधिकारी इन सभी त्योहारों में सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत और यातायात व्यवस्था चाक-चौबंद रखें. त्यौहारों के दौरान सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों तथा नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध करें.



# बजट को लेकर लगाई गई नगर निगम में सुझाव पेटी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, नगर निगम रीवा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट तैयार करने की प्रक्रिया महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' एवं निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के नेतृत्व में सतत रूप से प्रगति पर है.**

नगर के सर्वांगीण विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार तथा भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह बजट सहभागी एवं समावेशी दृष्टिकोण के साथ तैयार किया जा रहा है. पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी नागरिकों से सुझाव प्राप्त करने हेतु 10 फरवरी 2026 से महापौर कार्यालय एवं नगर निगम आयुक्त कार्यालय के बाहर सुझाव पेटी स्थापित की जा रही है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक अपने सुझाव लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है. सुझाव देने की अंतिम तिथि 10 मार्च 2026 निर्धारित की गई है.

महापौर ने रीवा शहर के समस्त नगरवासियों, व्यापारीगण, उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों,, महिला संगठनों, छात्र-छात्राओं, सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण वित्तीय योजना निर्माण प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने अनुभवों एवं विचारों के आधार पर नगर के विकास से संबंधित सुझाव प्रस्तुत करें.

# जनसुनवाई में जमीन से जुड़ी सबसे ज्यादा पहुंची शिकायतें

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई से कोई राहत नही मिल रही है. लिहाजा लोगो का अब मोह भंग होने लगा है. जनसुनवाई में 66 आवेदन पहुंचे. जिसमें जमीन से जुड़े सबसे अधिक मामले थे.**



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने प्राप्त आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये. जनसुनवाई में महसांव निवासी प्रेमलाल चौरसिया ने बिजली के करंट से अपने परिजन की मृत्यु पर आर्थिक सहायता प्रदान करने का आवेदन दिया कलेक्टर ने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये. रूपौली निवासी चन्द्रकांत द्विवेदी के बेदखली के आदेश का पालन कराने तथा अपरवार निवासी श्यामबिहारी मिश्रा के सड़क निर्माण कराने के आवेदनों को तहसीलदार जवा को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इसी प्रकार तीरथ प्रसाद पाण्डेय लौवा लक्ष्मणपुर के स्थगन के साथ भूमियों के विभाजन का कार्यवाही करने के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को, लेखधारी तिवारी डढ़िया के रास्ता निर्माण कराने के आवेदन पर तहसीलदार सेमरिया को कार्यवाही के निर्देश दिये गये. कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान विनोद रजक चिकान टोला रीवा ने भूमि स्थगन की जांच का आवेदन दिया.

### कमिश्नर आज करेंगे समीक्षा

**रीवा, 10 फरवरी,** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 11 फरवरी को जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा करेंगे. संभागीय समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित की जा रही है. उपायुक्त जेपी यादव ने एजेण्डा बिन्दुओं की जानकारी के साथ संभाग के सभी सहायक आयुक्तों तथा जिला संयोजकों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं. बैठक में सभी अधिकारियों से पहुंचने की अपील की गई है.

# नगर निगम ने शिविर लगाकर जमा कराया सम्पत्तिकर

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, नगर निगम द्वारा शिविर लगाकर सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि जमा कराई जा रही है. घरो के सम्पत्ति कर पर 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है.**

नगर पालिक निगम, रीवा द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर राजस्व वसूली, सम्पत्तिकर, जलकर एवं अवैध कॉलोनी शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली जमा कराये जाने हेतु 09 फरवरी से 02 मार्च तक वार्डवार विशेष वसूली लगाया जा रहा है. शिविर का समय प्रात: 9:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है.

इस क्रम में 10 फरवरी को वार्ड क्र. 4 के लिए एजी कालेज मोड़ में शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में कॉलोनी वैधीकरण प्रक्रिया के तहत राशि 28444 रू., सम्पत्तिकर बकाया राशि 116647 रू. एवं जलकर बकाया राशि 156841 रू. जमा कराया गया. साथ ही 11 फरवरी को वार्ड क्र. 5 हेतु राजपूत गन सर्विस के सामने, गंगा स्वीट्स के पास शिविर का आयोजन किया जावेगा. गौरतलब है कि शिविर का वार्डवार निरंतर आयोजन किया जाना है.

नगर निगम द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवासीय घरों पर सम्पत्तिकर में 50 प्रतिशत का छूट दिया जा रहा है. शिविर का लाभ उठाए.

# शिल्पी प्लाजा की गैलरी में व्यापारियों ने किया कब्जा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, शहर का सबसे खूबसूरत शिल्पी प्लाजा बाजार अस्थाई अतिक्रमण के चपेट में है. ए और बी ब्लाक के अंदर ग्राहको एवं व्यापारियों के निकलने के लिये बनी गैलरी में दुकानदारो ने सामान रखकर कब्जा कर रखा है.**



दुकान के बाहर कही पर काउंटर सजाया गया है तो कही पर सामान का डिसप्ले लगा दिया गया है. जिसकी वजह से आने जाने में दिक्कत होती है. कई बार नगर निगम ने हटाने की कार्यवाही की, उसके बाद पुन: गैलरी में सामान रख लिया जाता है. ए और बी ब्लाक के गैलरी से निकलना मुश्किल होता है. बमुश्किल से दो से चार लोग ही निकल पाते है जबकि 12 फिट की गैलरी बनी है. ए-ब्लाक की स्थित यह है कि सीढ़ी के नीचे तक दुकाने लगी है और खाली परिसर में अस्थाई अतिक्रमण है. कई बार नगर निगम में शिकायत हुई और हटाया भी गया. उसके बाद दुकानदार फिर से सामान रखकर गैलरी में कब्जा कर लेते है. कई जगह गैलरी में ही स्टोन बना लिया गया है. व्यापारी भी कोई विरोध नही करते है यही वजह है कि लगातार गैलरी चलने लायक अब नही बची है. खरीददारी करने वाले लोग बाहर से निकलने को विवश है, पूरी गैलरी में दुकानदारो का अस्थाई कब्जा है. नगर निगम को चाहिए कि सख्ती से कार्यवाही करने के साथ चालान किया जाय तभी जाकर दुकानदार गैलरी में सामान रखना बंद करेगे और ग्राहको को राहत मिलेगी.

# फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन 13 को नौसेना प्रमुख होंगे मुख्य अतिथि

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय स्टेडियम में अन्तर्विश्वविद्यालय पश्चिम क्षेत्र फुटबाल ( महिला ) प्रतियोगिता का आयोजन 9 फरवरी से जारी है.**

यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के तत्वावधान में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही है. प्रतियोगिता का समापन मैच 13 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे से शुरू होगा. समापन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी होंगे. समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उपस्थित रहेंगे. समारोह की अध्यक्षता कुलपति अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रो. राजेन्द्र कुमार कुड़रिया करेंगे और विशेष अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह उपस्थित रहेंगे. यह जानकारी डॉ. रामभूषण मिश्रा द्वारा दी गई है.

# संकल्प से समाधान शिविर में मैहर और मऊगंज के आवेदन सबसे कम

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 10 फरवरी, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सभी अधिकारी संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त विभागीय आवेदन पत्रों के निराकरण के विशेष प्रयास करें.**



संकल्प से समाधान शिविर के आवेदनों का निराकरण करें. सभी संभागीय नोडल अधिकारी नियमित रूप से शिविरों की निगरानी करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें. मैहर तथा मऊगंज जिले में आवेदन पत्रों की संख्या अन्य जिलों की तुलना में कम है. इन जिलों में शिविरों का प्रभावी आयोजन कराएं. क्लस्टर स्तर पर आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए लगाए जाने वाले शिविरों में अधिकतम 30 पंचायतें ही शामिल करें.

इन शिविरों के माध्यम से शासन की सभी प्रमुख योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराएं. शिविरों के दिन और स्थल का भी व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं. संभागीय अधिकारी प्रत्येक जिले में अभियान के दौरान दर्ज विभाग से जुड़े आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा करें. राजस्व, श्रम, सामाजिक न्याय, ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा ऊर्जा विभाग में बड़ी संख्या में आवेदन पत्र लंबित हैं. इनका निराकरण कराएं. कमिश्नर ने कहा कि यूरिया खाद की रैक लगातार प्राप्त हो रही है. इसका ई टोकन के माध्यम से व्यवस्थित वितरण कराएं.

इस सप्ताह भी रीवा और सीधी में खाद की रैक आएगी. खाद के अग्रिम भण्डारण के लिए भी समितियों के पास पर्याप्त खाद उपलब्ध कराएं. बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार मौजूद रहे.